भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1568

उत्तर देने की तारीख 12 दिसम्बर, 2023
21 अग्रहायण, 1945 (शक)

राष्ट्रीय खेल विज्ञान और अनुसंधान केंद्र

1568 श्री कौशलेन्द्र कुमारः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्र सरकार द्वारा बिहार में राष्ट्रीय खेल विज्ञान और अनुसंधान केन्द्र (एनसीएसएसआर) के अंतर्गत किसी विश्वविद्यालय और संस्थानों का चयन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या एनसीएसएसआर के अंतर्गत नालंदा जिले को भी चुना गया है; और

(ग) यदि हां, तो उक्त योजना के अंतर्गत अब तक खर्च की गई निधि का राज्य / संघ राज्यक्षेत्र-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (ग): राष्ट्रीय खेल विज्ञान और अनुसंधान केंद्र (एनसीएसएसआर) स्कीम के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा बिहार (नालंदा जिला सहित) में किसी भी विश्वविद्यालय और संस्थान का चयन नहीं किया गया है। एनसीएसएसआर स्कीम के तहत चयनित विश्वविद्यालयों/संस्थानों/मेडिकल कॉलेजों की सूची इस प्रकार हैः

खेल विज्ञान विभाग के लिए:

- गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर, पंजाब
- राष्ट्रीय पोषण संस्थान, हैदराबाद, तेलंगाना
- राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय, अजमेर, राजस्थान
- अन्नामलाई विश्वविद्यालय, तमिलनाडु
- कलकत्ता विश्वविद्यालय, कोलकाता, पश्चिम बंगाल
- राजीव गांधी विश्वविद्यालय, अरुणाचल प्रदेश

खेल चिकित्सा विभाग के लिए:

- किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
- पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, रोहतक, हरियाणा
- बैंगलोर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, बेंगलुरु, कर्नाटक
- गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल, मध्य प्रदेश

एनसीएसएसआर स्कीम के अंतर्गत, चयनित विश्वविद्यालयों/संस्थानों और एनसीएसएसआर, साई को धनराशि जारी की जाती है जिसका वर्ष-वार विवरण अनुबंध में दिया गया है।

****

अनुबंध

राष्ट्रीय खेल विज्ञान और अनुसंधान केंद्र (एनसीएसएसआर) की स्थापना के लिए जारी की गई धनराशि

क्र.सं.	एनसीएसएसआर	जारी की गई धनराशि (करोड़ रु.)						
		वित्तीय वर्ष 2017-18	वित्तीय वर्ष 2018-19	वित्तीय वर्ष 2019-20	वित्तीय वर्ष 2020-21	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2022-23	वित्त वर्ष 2023-24 (08.12.2023 तक)
1.	एनसीएसएसआर (एसएआई)	5.55	-	25.30	0.00	0.00	1.50	0.10

खेल विज्ञान विभाग की सहायता के लिए वित्त पोषण हेतु चयनित विश्वविद्यालयों/संस्थानों की सूची

संस्थानों का नाम	जारी की गई धनराशि (करोड़ रु.)						
वित्तीय वर्ष	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24 (08.12.2023 तक)
गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर, पंजाब	2.42	2.23	1.90	0.18	1.87	1.28	0.52
राष्ट्रीय पोषण संस्थान, हैदराबाद	1.44	0.00	2.38	0.89	0.86	0.73	0.40
राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय, अजमेर, राजस्थान	0.00	3.00	2.00	1.12	1.59	1.25	0.50
अन्नामलाई विश्वविद्यालय, तमिलनाडु	0.00	3.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
कलकत्ता विश्वविद्यालय, कोलकाता, पश्चिम बंगाल	0.00	3.00	2.37	0.00	0.00	0.00	0.00
राजीव गांधी विश्वविद्यालय, अरुणाचल प्रदेश	-	-	-	1.75	0.16	0.11	0.72

खेल चिकित्सा विभाग की सहायता के लिए वित्त पोषण हेतु चयनित विश्वविद्यालयों/संस्थानों की सूची

संस्थानों का नाम	जारी की गई धनराशि (करोड़ रु.)						
वित्तीय वर्ष	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24 (08.12.2023 तक)
किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश	1.29	1.54	2.00	0.22	0.51	0.43	0.19
पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, रोहतक, हरियाणा	0.00	2.50	2.00	0.06	0.70	0.16	0.10
बैंगलोर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, बेंगलुरु, कर्नाटक	0.00	2.50	1.00	0.00	0.00	0.00	0.04
गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल	0.00	0.00	3.55	0.00	0.00	0.00	0.00

****